पंजाब केसरी 11/02/2023

# पी.एच. डी टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 2 कॉलेजों को दी छात्रवृत्तियां

अम्बाला छावनी, 10 फरवरी (मनीष) : हरियाणा कालेज पी.एच.डी टीचर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सनातन धर्म कालेज तथा गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज को 50-50 हजार रुपए की छात्रवृत्तियां प्रदान की। इन पदाधिकारियों में डॉ. विनय कुमार मल्होत्रा तथा डॉ.दर्शन कुमार जैन शामिल हैं।

जी.एम.एन. कॉलेज में 50 हजार रुपए की छात्रवृत्तियों का चैक नए प्रिंसीपल डॉ. रोहित दत्त ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ.विनय मल्होत्रा ने प्रोफैसर वीरसेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट की तरफ से रुपए 10,000 का एक अन्य चैक प्रिंसीपल दत्त को भेंट किया जिससे कि राजनीति शास्त्र विभाग सैमीनार तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन कर सकें।

इसके बाद एस.डी. कालेज के प्रिंसीपल रजिंदर राणा को 50,000 रुपए का चैक निर्धन तथा मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्तियां देने हेतु भेंट किया।